वी.यू. के वेटरनरी एवं फिशरी संकाय में प्रवेश हेतु अधिक छात्रों का रूझान

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में वेटरनरी एव फिशरी संकाय में स्नातक पाठ्यक्रम हेतु गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष अधिक छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी।

टॉप 10 में छात्र एवं छात्राएं बराबर– प्राफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा घोषित मेरिट लिस्ट में 10 में से 5 छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर 93.28 प्रतिशत के साथ जबलपुर की रूचि मिश्रा रही, द्वितीय स्थान पर ग्वालियर की देवांशाी सारस्वत 93.27 प्रतिशत रहीं, तृतीय स्थान पर जबलपुर के संकल्प यादव 91.21 प्रतिशत रहे।

रोजगार एवं रैंकिंग का प्रभाव– वि.वि. के कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने बाताया कि अधिक छात्रों के प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का कारण सभी पशुचिकित्सकों को रोजगार प्राप्ति है। देश में वि.वि. की पहचान एवं साइंस छात्रों का झुकाव तथा वि.वि. की रैंकिंग भी रूझान का एक कारण है।

पुरूश आवेदक अधिक– कुल 14411 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी जिसमें 7704 छात्र एवं 6707 छात्राएं शामिल हुई। इसमें अनारक्षित वर्ग के 1279 छात्र तथा 1111 छात्राएं, अनुसूचिति जाति के 1417 छात्र एवं 1179 छात्राएं, अनुसूचित जनजाति के 1747 छात्र एवं 2012 छात्राएं तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 3261 एवं 2405 छात्राएं शामिल थी।

द्वितीय चरण की काउन्सलिंग 22 अगस्त तक– वेटरनरी एवं फिशरी में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउन्सलिंग 16 अगस्त से शुरू हो चुकी है तथा 22 अगस्त को समाप्त होगी। प्रथम चरण की काउन्सलिंग के पश्चात वेटरनरी संकाय में 43 तथा फिशरी संकाय में 13 सीट रिक्त है।

जिन छात्रों ने एक बार रजिस्टशन करा लिया है उन्हें दुबारा रजिस्टशन कराने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी छात्र को कठिनाई हो रही है तो 0761–2621107 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर